<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

वर्ष 2022-23 के लिए इरेडा ने एमएनआरई, भारत सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

राजस्व लक्ष्य ₹ 3,361 करोड़ निर्धारित

नई दिल्ली, 20 जनवरी, 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक प्रदर्शन लक्ष्य निर्धारित करते हुए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर हस्ताक्षर, एमएनआरई के सचिव, श्री भूपिंदर सिंह भल्ला और इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा एमएनआरई और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आज किए गए।

भारत सरकार ने संचालन से राजस्व के लिए 3,361 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है जोकि पिछले वर्ष की उपलब्धि से लगभग 18% अधिक है। भारत सरकार ने विभिन्न प्रदर्शन-संबंधी प्रमुख मानदंड भी निर्धारित किए हैं जैसेकि नेट वर्थ से लाभ, लगाई गई पूंजी से लाभ, कुल ऋणों पर एनपीए, एसेट टर्नओवर अनुपात और प्रति शेयर आय आदि शामिल हैं ।

श्री प्रदीप कुमार दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इरेडा पिछले दो वित्तीय वर्षों से अनुकरणीय प्रदर्शन कर रहा है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में वित्तीय वर्ष 2021-22 की इसी अवधि की तुलना में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 67% की वृद्धि दर्ज की है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की इसी अवधि की तुलना में दूसरी तिमाही में नेट एनपीए 4.87% से घटकर 2.72% हो गईं है।

इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के एमओयू के लिए 96.54 अंक हासिल कर असाधारण प्रदर्शन किया है। कंपनी ने अब तक 3,068 से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के ऋण खातों को क्रमशः ₹ 1,41,622 करोड़ और ₹ 90,037 करोड़ संचयी ऋण स्वीकृति और ऋण संवितरण किया है जिसके द्वारा देश में 19,502 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिए सपोर्ट किया है।